a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

विषय : सामाजिक विज्ञान

Set-B

नोट : सभी प्रश्न हल कीजिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) अफीम युद्ध किन देशों के बीच हुआ था ?
(अ) भारत-इंग्लैण्ड (ब) इंग्लैण्ड-चीन
(स) चीन-जापान (द) इंग्लैण्ड-फ्रांस

(ii) छत्तीसगढ़ में **सबसे प्राचीन** धर्म था :
(अ) वैष्णव धर्म (ब) शैव धर्म
(स) बौद्ध धर्म (द) जैन धर्म

(iii) केन्द्रीय सूचना आयोग में आयुक्तों की अधिकतम संख्या हो सकती है :
(अ) 5 (ब) 10
(स) 15 (द) 20

(iv) सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संबंध है :
(अ) जूते की दुकान (ब) सोने-चाँदी की दुकान
(स) राशन की दुकान (द) किराने की दुकान

(v) भारत में नई जनसंख्या नीति लागू की गई :
(अ) 10 जनवरी, 1995 (ब) 24 अक्टूबर, 1996
(स) 2 अक्टूबर 1997 (द) 15 फरवरी, 2000

(खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय...............में है।
(ii) 14 वर्ष से कम उम्र के श्रमिक को...............कहते हैं।
(iii) भारत में गरीबी का मुख्य कारण............है।
(iv) 'विश्व जनसंख्या दिवस'...............को मनाया जाता है।
(v) कुटीर उद्योगों में उत्पादित सामान..........बाजार में बेचा जाता है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

2. उपनिवेशवाद का क्या अर्थ है ?
3. W. H. O. का पूरा नाम क्या है ?
4. आयुर्वेद के जन्मदाता किसे माना जाता है ?
5. छत्तीसगढ़ का प्रमुख व्यवसाय तथा फसल क्या है ?
6. सामाजिक चेतना से आप क्या समझते हैं ?
7. 'उपभोक्ता की बचत' से आपका क्या आशय है ?
8. श्रम-विभाजन कितने प्रकार के होते हैं ? नाम बताइए।
9. वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति कौन हैं ?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

10. यूनेस्को पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
11. छत्तीसगढ़ के लोक-गीतों का वर्गीकरण किस प्रकार किया गया है ?
12. जिला न्यायाधीश एवं सत्र न्यायाधीश में क्या अंतर है ?
13. श्रम-विभाजन से उपभोक्ताओं को क्या लाभ होता है ?
14. उपभोक्ता बचत की किन्हीं **तीन** कठिनाइयों का वर्णन कीजिए।
15. परिवार कल्याण कार्यक्रम से आपका क्या आशय है ?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

16. भिलाई में इस्पात संयंत्र के स्थानीयकरण के कारण लिखिए।

अथवा

निर्माण उद्योग को प्रभावित करने वाले किन्हीं **चार** कारकों का वर्णन कीजिए।

17. भारत में मूल्य वृद्धि के कोई **चार** कारण लिखिए।

अथवा

बेरोजगारी निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे किन्हीं **चार** कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

18. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को समझाते हुए उसे लागू करने के उद्देश्य बताइए।

अथवा

स्वतंत्रता के बाद महिला सशक्तीकरण हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित किन्हीं **चार** योजनाओं की विवेचना कीजिए।

19. हरित क्रांति किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

खरीफ एवं रबी की फसल में कोई **चार** अंतर लिखिए।

20. संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्य लिखिए।

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ की किन्हीं **चार** सफलताओं का वर्णन कीजिए।

21. नाजीवाद के किन्हीं **चार** लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

जापान में राष्ट्रवाद के उत्कर्ष के कोई **चार** कारण लिखिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है)

22. साम्राज्यवाद के **पाँच** सकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

अथवा

"एशिया और अफ्रीका में साम्राज्यवाद के विकास की अनुकूल परिस्थितियाँ थीं।" समझाइए।

23. तापीय विद्युत और जल विद्युत में अंतर लिखिए। (कोई ***पाँच***)

अथवा

ऊर्जा के किन्हीं **पाँच** गैर-परंपरागत साधनों को समझाइ।

24. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :
(a) चिल्का झील (b) दिल्ली
(c) छोटा नागपुर का पठार (d) शिवालिक श्रेणी
(e) ताप्ती नदी।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(*a*) मन्नार की खाड़ी (*b*) महानदी

(*c*) थार का मरुस्थल (*d*) कान्हा किसली

(*e*) नीलगिरि पर्वत

25. "लोक सभा, राज्य सभा से अधिक शक्तिशाली है।" समझाइए।

अथवा

ग्राम पंचायत के कार्यों को लिखिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)

26. वनों से क्या-क्या लाभ होते हैं ? समझाइए।

अथवा

मृदा के किन्हीं छः प्रकारों का वर्णन कीजिए।

27. जर्मनी में नाजीवाद के उदय के क्या कारण थे ? इन्हें छः बिन्दुओं में उल्लेख कीजिए।

अथवा

द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामों को छः बिन्दुओं में समझाइए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com
a2zsubjects.com a2zsubjects.com